वार्षिक रिपोर्ट

Annual Report

1993-94

भारतीय डाक विभाग

Department of Posts, India

विषय सूची

भाग 1 :	वार्षिक रिपोर्ट (1992–93)	
	पुनरीक्षा	3
	संगठन	7
	डाक प्रचालन	9
	डाक वित्त	18
	मानव संसाधन	22
भाग 2 :	वार्षिक रिपोर्ट (1993–94)	25

CONTENTS

Part 1 :	**Annual Report (1992-93)**	
	Overview	**28**
	Organisation	**31**
	Postal Operations	**33**
	Postal Finance	**41**
	Human Resources	**45**
Part 2 :	**Annual Report (1993-94)**	**48**
	Statistical Supplements	**50**

Cover : Calcutta G.P.O., 125th Anniversary, 1993

भाग – 1

वार्षिक रिपोर्ट

1992–93

पुनरीक्षा

वर्ष 1992–93 में डाक विभाग आधुनिकीकरण के अपने कार्यक्रम को कार्यान्वित करता रहा। उसका यह आधुनिकीकरण कार्यक्रम नवीनतम प्रौद्योगिकीय विकास, विभाग में उपलब्ध मानव और वित्तीय संसाधनों के अनुरूप रहा। यह प्रक्रिया नियमित और सशक्त रही, जिसके फलस्वरूप विभाग के अनेक विंगों का आधुनिकीकरण हुआ। समीक्षाधीन वर्ष की विशिष्ट बातें हैं — बम्बई में ऑटोमेटेड मेल प्रोसेसिंग सेंटर की सफल शुरुआत और डाकघरों में कम्प्यूटरीकृत बहुद्देशीय काउंटर मशीनों की बढ़ी हुई आपूर्ति। इस संबंध में यह भी उल्लेखनीय है कि दिनांक 7.12.93 से देश भर में डाक हड़ताल आरम्भ हुई, जो संचार राज्य मंत्री के साथ यूनियन के प्रतिनिधियों की बैठक के बाद 11.12.93 को समाप्त हुई। इस पुनरीक्षा का केन्द्र बिन्दु है — कार्य और प्रबंध तकनीक में परिवर्तन, डाक की वित्तीय स्थिति और मौजूदा प्राथमिकताएं।

डाक मशीनीकरण

विभाग का मूल कार्य परंपरागत तौर पर डाक का संग्रह, छंटाई, प्रेषण और वितरण रहा है। इनमें से अधिकांश प्रचालन मैनुअल है। तथापि बम्बई में 30 बार कोडिंग डेस्कों वाली दो पत्र छंटाई मशीनें लगाकर डाक छंटाई के आधुनिकीकरण और मशीनीकरण के क्षेत्र में एक शुरुआत की गई जिससे इस अत्यंत शहरीकृत क्षेत्र की डाक की छंटाई में तेजी आ गई। मद्रास, दिल्ली, कलकत्ता और बेंगलूर में भी इसी प्रकार की परिष्कृत डाक छंटाई प्रणाली की व्यवस्था करने की योजना है।

काउंटर मशीनीकरण

7 शहरों के 22 डाकघरों में 102 पी सी आधारित बहुद्देशीय काउंटर मशीनों की आपूर्ति की गई। 750 और मशीनों के लिए आर्डर दिए गए हैं और आशा है कि इनकी आपूर्ति भी शीघ्र हो जाएगी।

डाक उपस्कर

डाक–टिकटों की गुणवत्ता में सुधार के लिए 25,000 हस्त मुहरों के निर्माण के आदेश आर्डिनेंस फैक्ट्री आर्गनाइजेशन को दिए गए हैं और इनकी आपूर्ति शुरु हो गई है। विभाग ने 270 डाक–टिकट विरूपण मशीनों की आपूर्ति के लिए आर्डर दिया है जिनकी आपूर्ति अपेक्षाकृत बड़े और प्रमुख डाकघरों में की जाएगी।

स्पीड पोस्ट

स्पीड पोस्ट सेवा को आगे संघटित कर दिया गया है तथा विभाग के उद्देश्य के अनुकूल बना दिया गया है। घाना, हंगरी, मलेशिया, मोरक्को, गुयाना, युगांडा, डेनमार्क, ईरान, मेक्सिको, नाइजर, पनामा, पपुआ न्यू गिनी तथा जैरे – इन 13 देशों के साथ भी अंतर्राष्ट्रीय स्पीड पोस्ट संपर्क स्थापित किए गए।

स्पीड पोस्ट सुरक्षित और शीघ्र वितरण सुनिश्चित करता है। इस संबंध में

सेवा के प्रभावशाली रिकार्ड को ध्यान में रखते हुए विलम्ब से वितरण के मामलों में दिनांक 17.8.1992 से स्पीड पोस्ट शुल्क की पूरी राशि लौटाने की अनुमति दी गई है।

स्पीड पोस्ट परियात में 38% तथा राजस्व में 45% की वृद्धि हुई।

भारतीय डाकघर अधिनियम की पुनरीक्षा

देश में डाक प्रणाली को शासित करने वाले अधिनियम का 1960 से पुनरीक्षण और संशोधन किया जा रहा है। 1983 और 1986 में दो विधायी प्रयास किए गए। 1986 का विधेयक यद्यपि संसद के दोनों सदनों द्वारा पास कर दिया गया था, किन्तु इसे संसद के दोनों सदनों द्वारा 1990 में पुनर्विचार के लिए लौटा दिया गया। इसी बीच इसमें आगे और परिवर्तन करने की आवश्यकता महसूस की गई, अतः 1992 में एक समिति गठित की गई जिसकी शर्तें निम्न प्रकार से हैं :

अन्य बातों के साथ-साथ इस अधिनियम के निम्नलिखित पक्षों की विशेष रूप से जांच करना :-

(i) हाल के वर्षों में देश में डाक द्वारा संचार में प्रगति और भविष्य में संभावित प्रवृत्तियां तथा डाकघर को उनसे मिलने वाली चुनौतियां;

(ii) अंतर्राष्ट्रीय डाक प्रणाली में विकास और डाकघर पर आने वाले उत्तरदायित्व;

(iii) अधिनियम की सीमाओं के कारण डाकघर द्वारा फिलहाल अनुभव की गई व्यावहारिक कठिनाइयां; तथा

(iv) बढ़ती हुई उपभोक्ता संरक्षण प्रवृत्तियां, सेवाओं के विस्तार के साथ इसकी अनुकूलता, वे परिस्थितियां जिनके अंतर्गत अपेक्षाकृत कम डाक शुल्क और फीस पर सेवाएं प्रदान की जाती हैं - इन सबके संदर्भ में कानूनी देयता, जिसे डाकघर को अपनी सेवाओं के लिए स्वीकार करना चाहिए;

तथा इस अधिनियम में सुधार करने के लिए सुझाव देना और एक उचित मसौदा विधान प्रस्तुत करना।

डाक सेवा बोर्ड ने समिति की रिपोर्ट की जांच की तथा सभी सिफारिशों पर विचार किया। अब रिपोर्ट पर आधारित मसौदा विधान को अन्तिम रूप दिया जा रहा है।

एकमुश्त डाक केन्द्र और पहले से छंटी हुई डाक पर छूट

प्रचालनात्मक नीति में एक नया आकर्षण एकमुश्त भेजी गई पंजीकृत और अपंजीकृत डाक का निपटान करने के लिए बड़े-बड़े शहरों में एकमुश्त डाक केन्द्रों की स्थापना करने का निर्णय है। इस विशेष यूनिट का प्रमुख उद्देश्य कारपोरेट सेक्टर से शेयर और डिबेंचर सर्टिफिकेट्स, रिफंड आर्डर्स और डिविडेंड सर्टिफिकेट्स, रिफंड आर्डर्स और डिविडेंड वारंट्स तथा अन्य पत्र-डाक की डाक लेन-देन में सुविधा प्रदान करना है, किन्तु यह सुविधा दूसरों को भी प्रदान की जाती है। जब 10,000 या इससे अधिक अपंजीकृत पत्र और 250 या इससे अधिक पंजीकृत पत्र किसी एक प्रेषक द्वारा भेजे जाते हैं तो इन्हें एकमुश्त डाक समझा जाएगा। एकमुश्त डाक केन्द्रों में केवल पहले से छांटी गई डाक स्वीकार की जाएगी। विभाग की अपेक्षा के अनुसार पहले से छांटी गई डाक से प्रेषक को डाक-शुल्क में 2% की छूट मिलेगी। इसके अतिरिक्त फ्रैंकिंग मशीन के प्रयोक्ता को पहले से ही दी जाने

वाली छूट भी उन्हें प्राप्त होगी। पंजीकृत वस्तुओं के लिए यह छूट पंजीकरण शुल्क में भी दी जाएगी।

कार्य–निष्पादन सूचक

एक महत्वपूर्ण प्रबंध प्रयोग जो 1992–93 में फलीभूत हुआ, वह था – प्रत्येक सर्किल के प्रगामी रूप से निष्पादित उसके अपने कार्य तथा अन्य सर्किलों की तुलना में उसके कार्य। इस योजना के लिए आवश्यक है – विकास, प्रचालन, वित्त और कार्मिक कल्याण जैसे सभी मूल पक्षों सहित डाक सर्किल का प्रबंध मूल्यांकन। प्रत्येक सूचक के माध्यम से पता लगाए गए कार्य–निष्पादन से विशिष्ट क्षेत्रों में विभिन्न प्रबंध कार्यक्रमों की योजना बनाने में सर्किल अध्यक्ष को अत्यावश्यक प्रबंध निवेश प्राप्त होता है।

डाक नेटवर्क का विस्तार

आठवीं योजना के लक्ष्यों के संदर्भ में डाक नेटवर्क के विस्तार के लिए पहाड़ी, रेगिस्तानी, जनजातीय क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिए जाने का प्रस्ताव है। योजना के दौरान जनजातीय, पहाड़ी और पिछड़े क्षेत्रों में खोले जाने वाले अतिरिक्त विभागीय शाखा डाकघरों का लक्ष्य 1500 था। वर्ष 1992–93 के दौरान लक्ष्य से अधिक अतिरिक्त विभागीय डाकघर खोले जा चुके थे। वर्ष 1993–94 के लिए 600 अतिरिक्त विभागीय शाखा डाकघर और 100 शाखा उपडाकघर खोलने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इनमें से 230 अतिरिक्त विभागीय शाखा डाकघर और 20 विभागीय उपडाकघर जनजातीय क्षेत्रों में खोले जाने हैं। अगस्त, 1993 तक 358 अतिरिक्त विभागीय शाखा डाकघर खोलने के मंजूरी आदेश जारी कर दिए गए हैं।

विपणन

विपणन डिवीजन में महत्वपूर्ण परिवर्तन देखे जा सकते हैं। भारतीय डाक प्रशासन अच्छे जन संपर्क, लोक शिक्षा और सूचना प्रसार में पूर्णतः विश्वास रखता है। जब जन चेतना हो और उपभोक्ता की मनोवृत्ति सकारात्मक हो तब विपणन प्रयास किफायती होते हैं।

इस पृष्ठभूमि में विपणन डिवीजन ने एक व्यापक मिश्रित छवि योजना प्रतिपादित की तथा समाचार पत्रों और पत्रिकाओं के माध्यम से चलाये गये ग्राहक अनुकूलन अभियान से सामान्यतः प्रशंसात्मक जन प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है। सेवाओं को ग्राहक की आवश्यकता के अनुकूल बनाने के लिए स्वतंत्र एजेंसियों द्वारा विभिन्न विपणन सर्वेक्षण किए गए हैं।

अंतर्राष्ट्रीय संबंध

भारतीय डाक प्रशासन ने एशियाई प्रशांत डाक यूनियन की कार्यकारी परिषद् की वार्षिक बैठक और एशियाई प्रशांत डाक प्रशिक्षण केन्द्र शासी बोर्ड की 22वीं बैठक की मेजबानी करके अपने अंतर्राष्ट्रीय संबंध और मजबूत कर लिये। भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री के. आर. नारायणन ने 17 सितम्बर, 1992 को एशियाई प्रशांत डाक संघ की कार्यकारिणी परिषद् की विचार- गोष्ठी का उद्घाटन किया।

विश्व डाक संघ की डाक अध्ययन सलाहकार परिषद् (सी सी पी एस) का वार्षिक सत्र 12 अक्तूबर से 23 अक्तूबर, 1992 तक बर्न में आयोजित हुआ। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व डाक विभाग के तत्कालीन सचिव श्री एल. डी. बोनल ने किया।

भारत ने डाक पर भारत–फ्रांस कार्यकारी ग्रुप की एक बैठक आयोजित की। फ्रांसीसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उनके डाक व दूरसंचार मंत्री ने किया।

वाराणसी क्षेत्र के निर्यातकों को अब एक नई सुविधा प्राप्त हो गई है। बाबतपुर कार्गो काम्प्लेक्स में एक एक्सपोर्ट एक्सटेंशन पोस्टल विंडो खोला गया है।

दो भारतीय डाक विशेषज्ञों ने डाक प्रेषण मानदंडों और रियायती डाक दर पर सार्क के लिए अध्ययन किए।

फिलैटली

देश में फिलैटेलिस्टों की बढ़ती हुई संख्या की रुचि को पूरा करने के लिए विभाग प्रमुख डाकघरों में 50 फिलैटली ब्यूरो और 174 फिलैटली काउंटर चलाता है। कर्नाटक, राजस्थान और केरल सर्किलों में राज्य स्तरीय फिलैटली प्रदर्शनियां आयोजित की गई। डाक विभाग ने ग्रेनाडा, शिकागो और कुआलालाम्पुर में तीन अंतर्राष्ट्रीय फिलैटली प्रदर्शनियों मे भाग लिया।

कारपोरेट आइडेंटिटी

डाकघर के जन संपर्क के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय प्रगति कारपोरेट नामशैली को स्वीकार करना था। 9 अक्तूबर, 1993 को यह नामशैली औपचारिक रूप से लागू की गई। इसमें पोस्टल लाल रंग में एक जोड़ा पंख दर्शाए गए है, जिसका शीर्षक है "भारतीय डाक" और "इंडिया पोस्ट"।

वित्त

पुनरीक्षाधीन वर्ष (1992–93) के दौरान कुल राजस्व 1073.90 करोड़ रु. था (इसमें 126.03 करोड़ रु. की वृद्धि हुई), जबकि 1991–92 में इसकी आय 947.87 करोड़ रु. थी। पिछले वर्ष के 1162.15 करोड़ रु. के व्यय की तुलना में इस वर्ष का कुल कार्यकारी व्यय 1165.71 करोड़ रु. था। 1992–93 के संशोधित प्राक्कलन में दर्शाया गया अनुमानित व्यय 1149.36 करोड़ रुपये था।

कुल व्यय - राजस्व अंतर पिछले वर्ष के 214.28 करोड़ रु. से घटकर 91.81 करोड़ रु. रह गया। राजस्व के अपेक्षाकृत अधिक संग्रह, लीकेज बंद होने, बेहतर वित्तीय प्रबंध और कड़ी अर्थव्यवस्था के द्वारा 120 करोड़ रु. से अधिक का अंतर कम किया जा सका।

संगठन

तत्कालीन डाक–तार विभाग का विभाजन करने के पश्चात् जनवरी, 1985 में डाक विभाग का सृजन किया गया था। यह संचार मंत्रालय का एक अंग है। विचाराधीन वर्ष के दौरान विभाग श्री सुखराम, संचार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के अधीन कार्य करता रहा।

मुख्यालय

विभाग की प्रबंध व्यवस्था डाक सेवा बोर्ड करता है। बोर्ड के अध्यक्ष डाक विभाग के सचिव और महानिदेशक (डाक) भी हैं। बोर्ड के तीन सदस्य हैं जिन्हें प्रचालन, विकास और कार्मिक के कार्य सौंपे गए हैं। इसके अतिरिक्त एक वित्तीय सलाहकार भी हैं। बोर्ड की सहायता के लिए एक सचिव हैं जो वरिष्ठ उपमहानिदेशक (निरीक्षण और दक्षता ब्यूरो) भी हैं। यह बोर्ड डाक महानिदेशालय में अठारह उप महानिदेशकों की सहायता से देश की डाक सेवाओं के प्रबंध का निर्देशन और पर्यवेक्षण करता है।

सर्किल

विभाग के प्रचालन दायित्वों को निभाने के लिए 19 डाक सर्किल हैं। एक सर्किल में एक अथवा एक से अधिक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र होते हैं। सर्किल के अध्यक्ष मुख्य पोस्टमास्टर जनरल होते हैं। सर्किलों को सामान्यतः क्षेत्रों में बांटा गया है। इन क्षेत्रों में फील्ड यूनिटों के अनेक ग्रुप हैं जिन्हें डिवीजन कहा जाता है। क्षेत्र में मुख्य पोस्टमास्टर जनरल को उच्चस्तरीय प्रबंध सहायता प्रदान करने के लिए प्रत्येक क्षेत्र में एक पोस्टमास्टर जनरल है।

सर्किलों के अतिरिक्त बम्बई, कलकत्ता, दिल्ली और मद्रास में पोस्टमास्टर जनरल के स्तर के नियंत्रकों के अधीन क्षेत्रीय डाक योजना इकाइयां हैं। नियंत्रक डाक प्रचालनों की योजना और नियंत्रण में बेहतर व्यावसायिकता लाते हैं। सर्किल में मेल डिवीजन, स्टोर डिपो, स्टैम्प डिपो और मेल मोटर सेवा जैसी अन्य कार्यात्मक डिवीजन और यूनिटें भी हैं।

भारतीय डाकघरों की श्रेणियां इस प्रकार हैं–मुख्य डाकघर, उपडाकघर और शाखा डाकघर। शाखा डाकघर प्रायः अतिरिक्त विभागीय डाकघर हैं तथा ये ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं। अधिकतर उप डाकघर विभागीय हैं तथा ये ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में स्थित हैं। मुख्य डाकघरों को उनके कार्यभार और कर्मचारी क्षमता के अनुसार पांच श्रेणियों में बांटा गया है। इनमें मुख्य डाकघर, बम्बई और मुख्य डाकघर, कलकत्ता सबसे बड़े हैं। इनके बाद मद्रास, दिल्ली, अहमदाबाद, बेंगलूर, कानपुर, लखनऊ और देश के अन्य बड़े शहरों में स्थित मुख्य डाकघरों का स्थान है।

सेना डाक सेवा के अध्यक्ष मेजर जनरल होते हैं, जिन्हें अपर महानिदेशक, सेना डाक सेवा का पदनाम दिया गया है। उन्हें मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, सेना डाक सेवा सर्किल भी कहा जाता है। अधिकांश अधिकारी और मेजर जनरल सहित अन्य पद सिविल डाक सेवा से लिए जाते हैं।

स्थिति

31 मार्च, 1993 की स्थिति के अनुसार, डाक सेवा बोर्ड में श्री एस. के. पार्थसारथि, सचिव (डाक), महानिदेशक, डाक और अध्यक्ष, डाक सेवा बोर्ड, श्री एम.एस. राघवन, सदस्य (कार्मिक), श्री टी. ई. रमन, सदस्य (प्रचालन) और श्री एस. आर. फारूकी, सदस्य (विकास) थे। श्री जी. एस. राजामणि, डाक विभाग के संयुक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार हैं तथा बोर्ड के स्थाई आमंत्रित सदस्य हैं। श्री बि. परब्रह्म वरिष्ठ उप महानिदेशक (आई एंड ई बी) तथा सचिव, डाक सेवा बोर्ड थे। इस समय श्री एस. पी. राय, सदस्य (कार्मिक) हैं जिन्होंने 30 सितम्बर, 1993 को श्री एम. एस. राघवन के सेवानिवृत्त होने पर यह पदभार ग्रहण किया था।

अंतर्राष्ट्रीय डाक संबंध

डाक विभाग ने 15 से 21 सितम्बर, 1992 तक नई दिल्ली में एशियाई प्रशांत डाक यूनियन (ए पी पी यू) की कार्यकारिणी परिषद् की वार्षिक बैठक और एशियाई प्रशांत डाक प्रशिक्षण केन्द्र शासी बोर्ड की 22वीं बैठक की मेजबानी की। भारत सहित बीस सदस्य देशों के प्रतिनिधि और

विश्व डाक संघ (यू पी यू) तथा चार अन्य डाक प्रशासनों के प्रतिनिधियों ने इसमें भाग लिया। 17 सितम्बर को भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री के. आर. नारायणन ने ए पी पी यू की कार्यकारिणी परिषद् की बैठक का उद्घाटन किया। विचार-विमर्श का मुख्य विषय था-एशियाई-प्रशांत क्षेत्र में डाक सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने के उपाय और साधन। उपभोक्ता संतुष्टि, विपणन के अनुकूल उपलब्धता और प्रशिक्षण जैसे विषय बैठक में विचार-विमर्श के केन्द्र बिन्दु थे। भारत ने ए पी पी यू की तकनीकी सहयोग और सहायता की स्थाई समिति की बैठक की अध्यक्षता की।

विश्व डाक संघ की डाक अध्ययन सलाहकार परिषद् (सीसीपीएस) का वार्षिक सत्र 12 अक्तूबर से 23 अक्तूबर, 1992 तक बर्न, स्विटजरलैंड में आयोजित हुआ। एक प्रतिनिधिमंडल ने इस बैठक में भाग लिया। इस प्रतिनिधिमंडल में श्री एल. डी. बोनल, सचिव, डाक विभाग, श्री एस. के. पार्थसारथि, सदस्य (कार्मिक) और श्री आर. यू. एस. प्रसाद, उप महानिदेशक (अंतर्राष्ट्रीय संबंध) शामिल थे। इस सी सी पी एस सत्र की अभिन्न अंग थीं-चार विचार-गोष्ठियां, जिनके विषय थे, "मानव संसाधन", "अनुसंधान और विकास", "ई एम एस" और "डाक विपणन"।

फ्रांसीसी डाक प्रशासन के एक प्रतिनिधिमंडल ने फ्रांस के डाक व दूरसंचार मंत्री के साथ भारत का दौरा किया। 24.11.92 को डाक पर भारत-फ्रांस कार्यकारी ग्रुप की एक बैठक आयोजित हुई। संचार मंत्री और फ्रांस के मंत्री ने डाक और दूरसंचार क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग के एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए। डाक क्षेत्र में सहयोग के लिए प्रोटोकॉल में जिन क्षेत्रों का पता लगाया गया था, वे थे-डाक सेवाओं का आधुनिकीकरण, स्पीड पोस्ट, प्रशिक्षण और अंतर्राष्ट्रीय डाक। यह भी निर्णय लिया गया कि समझौते के एक नए ज्ञापन द्वारा डाक क्षेत्र में दो देशों के बीच सहयोग बढ़ाना परस्पर लाभप्रद होगा।

दिनांक 1.12.92 से तेरह और देशों में अंतर्राष्ट्रीय ई एम एस नेटवर्क का विस्तार किया गया है। इसके परिणामस्वरूप अब 61 देशों के साथ भारत का ईएमएस संपर्क स्थापित हो गया है। वाराणसी क्षेत्र से निर्यात की जाने वाली वस्तुओं की बुकिंग को सुविधाजनक बनाने के लिए वाराणसी के बाबतपुर कार्गो कॉम्प्लेक्स उप-डाकघर में एक एक्सपोर्ट एक्सटेंशन विंडो खोला गया है।

डाक प्रचालन

प्रस्तावना

डाक प्रचालन का प्रायः एक ही कार्य समझा जाता रहा है; पत्रों का एक स्थान से दूसरे स्थान पर वितरण करना। वास्तव में यह पंजीकरण, मनीआर्डर, स्पीड पोस्ट, डाक-टिकटों की बिक्री, पोस्टल ऑर्डर आदि जैसे कार्यों के अंतः संबंधों की बहुरंगी कड़ी है। इस प्रचालन की सफलता अकसर परिवहन क्षेत्र की दूसरी एजेंसियों जैसे एयरलाइंस, रेलवे, रोडवेज, शिपिंग आदि पर निर्भर करती है। डाकघर दूसरे मंत्रालयों/विभागों जैसे बचत बैंक और डाक जीवन बीमा आदि के कार्य भी करता है, जो एजेंसी कार्य के नाम से जाने जाते हैं।

डाक नेटवर्क का विस्तार

जहां तक डाकघरों की संख्या का संबंध है, विश्व डाक प्रणाली में भारत का प्रमुख स्थान है, एक ओर जहां इसका श्रेय इस देश की विशालता और इसकी विशाल जनसंख्या को है, वहीं दूसरी ओर इसका श्रेय स्वतंत्रता से लेकर अब तक सरकार द्वारा डाक नेटवर्क को सामाजिक एकता तथा आर्थिक विकास और ग्रामीण पुनरुद्धार के एक साधन के रूप में विकसित करने के सजग प्रयासों को भी है। डाक-संचार के विस्तार के आधारभूत उद्देश्य की पूर्ति करने के अलावा, डाक सेवाओं के विस्तार ने सरकार के सामाजिक-आर्थिक लक्ष्यों की प्राप्ति - जैसे विकास, साक्षरता का प्रसार, रोजगार, लघु बचत को प्रोत्साहन तथा पिछड़े इलाकों में उद्योगों की स्थापना में भी महत्वपूर्ण योग दिया है। सातवीं योजना के अंत तक राष्ट्रीय डाक नेटवर्क में 1,47,236 डाकघर शामिल हैं, जिनमें से 16,249 डाकघर शहरी क्षेत्रों में तथा 1,30,987 डाकघर ग्रामीण क्षेत्रों में थे। 31.3.93 की स्थिति के अनुसार देश में 1,52,037 डाकघर थे, जिनमें से 16,283 शहरी क्षेत्रों में तथा 1,35,754 ग्रामीण क्षेत्रों में थे। 1991 की गणना के अनुसार एक डाकघर औसतन 21.6 वर्ग कि. मी. क्षेत्र और 5553 व्यक्तियों को सेवा प्रदान करता था।

योजना आयोग ने आठवीं पंचवर्षीय योजना (1992-97) के दौरान 500 विभागीय उपडाकघर (वि.उ.डा.) तथा 3000 अतिरिक्त विभागीय शाखा डाकघर (अ.वि.शा.डा.) खोलने के लक्ष्य को मंजूरी दी है। आठवीं पंचवर्षीय योजना में पहाड़ी, रेगिस्तानी तथा जनजातीय क्षेत्रों में डाक नेटवर्क के विस्तार हेतु विशेष बल दिए जाने का प्रस्ताव है। योजना अवधि के दौरान जनजातीय उप-योजना के तहत 1500 अ.वि.शा.डा. खोलने का प्रस्ताव है।

वर्ष 1992-93 के दौरान 600 अ.वि.शा.डा. तथा 100 वि.उ.डा. के लक्ष्य की तुलना में क्रमशः 635 अ.वि.शा.डा. तथा 116 विभागीय उप डाकघरों को मंजूरी प्रदान की गई।

डाकघरों की संख्या



सेवाएं

प्रदत्त की जाने वाली डाक सेवाएं

डाक सेवाएं
जैसे पत्र, इसमें निम्नलिखित सम्मिलित हैं :
लिफ़ाफ़े, लेटर-कार्ड,
पोस्टकार्ड,
बुक पैकेट,
न्यूज पैकेट,
न्यूजपेपर,
पैकेट पार्सल

इनका वर्गीकरण निम्नानुसार किया गया है:
साधारण डाक
पोस्टिंग सर्टिफाइड
आर्डीनरी मेल
रजिस्ट्रेशन
वैल्यूपेएबल
बीमा
स्पीड पोस्ट

धन अंतरण सेवाएं
जैसे मनीआर्डर
पोस्टल आर्डर
अन्य सेवाएं
अर्थात् बचत बैंक
डाक जीवन बीमा
तार
टेलीफोन पब्लिक कॉल आफिसेज
टेलीफोन रेवेन्यू कलेक्शन
पासपोर्ट आवेदन-पत्र
केन्द्रीय भर्ती शुल्क टिकट

1983–84 से डाक परियात
(राजस्व में समायोजित)





डाक मात्रा

वर्ष 1992–93 के दौरान कुल 3255 मिलियन गैर–पंजीकृत अंतर्देशीय डाक मदों का निपटान किया गया, जिसमें 2835 मिलियन पत्र, 378 मिलियन पैकेट तथा 42 मिलियन पार्सल सम्मिलित हैं। पंजीकृत अंतर्देशीय डाक की संख्या 314 मिलियन है। इस अवधि के दौरान डाक विभाग ने 105.3 मिलियन मनीआर्डरों का प्रेषण किया, जिनकी कुल राशि 29124 मिलियन रुपए थी।

स्पीड पोस्ट

1 दिसंबर, 1992 से 13 अन्य देशों के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्पीड पोस्ट संपर्क स्थापित किए गए जिनके नाम इस प्रकार हैं–घाना, हंगरी, मलेशिया, मोरक्को, गुयाना, युगांडा, डेनमार्क, ईरान, मेक्सिको, नाइजर, पनामा, पपुआ न्यू गिनी, गुयाना तथा जैरे।

अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क कनैक्शनों वाला एक नया स्पीड पोस्ट केन्द्र हावड़ा में दिनांक 1.6.1992 को खोला गया, इसे मिलाकर राष्ट्रीय केंद्रों की कुल संख्या बढ़कर 62 हो गई (6 एक्सटेंशन काउंटरों सहित), प्वाइंट टू प्वाइंट स्पीड पोस्ट सेवा के अन्तर्गत युग्म–स्टेशनों की संख्या 349 से बढ़कर 737 हो गई। स्पीड पोस्ट परियात में 38 प्रतिशत तथा राजस्व में 45 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

विलंब से वितरण के मामलों में 17.8.92 से स्पीड पोस्ट प्रभारों की संपूर्ण राशि की वापसी की योजना आरंभ की गई।



डाक प्रचालन

जहाँ एक ओर विभाग महानगरों में डाक पारेषण प्रणाली का आधुनिकीकरण कर रहा है, वहीं दूसरी ओर यह देश के दूर-दराज के क्षेत्रों में डाक नेटवर्क को सुधारने के लिए भी समान रूप से प्रतिबद्ध है। हाल ही में विभाग ने रक्षा मंत्रालय के साथ पोर्ट ब्लेयर से कार निकोबार तक भारतीय वायुसेना की उड़ानों द्वारा डाक ले जाने और लाने के लिए एक समझौता किया है। इससे द्वीपसमूह के सुदूर के द्वीपों को तथा इन द्वीपों से होने वाले डाक-संचालन में तेजी आई है।

कठिनाइयों का पता लगाने तथा उनके समाधान के लिए विविध डाक अनुवीक्षण पद्धतियों को सुधारा गया है।

प्रौद्योगिकी अधिष्ठापन

आधुनिक प्रौद्योगिकी का आगमन, विशेष रूप से कम्प्यूटर द्वारा सूचना-प्रौद्योगिकी तथा इलेक्ट्रानिक डेटा प्रोसेसिंग में कम्प्यूटर द्वारा लाए गए सुधार, एक सार्वभौमिक घटना बन चुके हैं और समूचे विश्व में इसे समय की मांग के रूप में देखा जा रहा है। डाक सेवाओं के आधुनिकीकरण के लिए जिन क्षेत्रों पर विशेष बल दिया गया है, वे हैं काउंटर-यंत्रीकरण, डाक-यंत्रीकरण, उपग्रह के माध्यम से इलेक्ट्रानिक मनी ट्रान्सफर, यांत्रिक-उपस्कर तथा सहायक सामग्री और बचत बैंक, डाक जीवन बीमा तथा चुनिंदा लेखा-प्रचालनों का कम्प्यूटरीकरण।

मेल मोटर सेवा

वर्ष 1992-93 के दौरान विभागीय मेल मोटर इकाइयों ने देश के 90 स्टेशनों पर कार्य किया। डाक लाने-ले जाने में कुशलता लाने के उद्देश्य से पुराने वाहनों के स्थान पर 124 नए वाहन लाए गए। मेल मोटर के बेड़े की कुल संख्या 1103 थी और इसने 1.76 करोड़ कि.मी. की कुल दूरी तय की।

अवकाश दिवसों पर डाक-वितरण

पहले, डाकघर पूर्ण रूप से अदा की गई अपंजीकृत डाक का वितरण सभी डाकघर अवकाश-दिवसों को किया करते थे। 1974 में इसे घटाकर तीन राष्ट्रीय अवकाश-दिवसों तक सीमित कर दिया गया। 1982 में किफ़ायती उपाय के रूप में अवकाश-दिवसों पर डाक वितरण पूर्ण रूप से समाप्त कर दिया गया। तथापि, मध्यवर्ती वर्षों के अनुभव के आधार पर इसमें थोड़ी रियायत देना आवश्यक समझा गया। जब अवकाश दिवस लगातार आते थे तो डाक, जनता को दो या उससे अधिक दिन तक वितरित नहीं की जा पाती थी, जिसके कारण जनता के साथ-साथ पोस्टल-स्टाफ को भी असुविधा होती थी, क्योंकि उन्हें आगामी कार्य-दिवस को अपेक्षाकृत अधिक डाक को निपटाना पड़ता था। सितम्बर, 1992 में पूर्ण रूप से भुगतान की गई अपंजीकृत डाक का, डाक अवकाश-दिवसों को एक बार वितरण आरंभ करने के आदेश जारी किए गए थे, इन अवकाश-दिवसों में राष्ट्रीय अवकाश दिवस तथा रविवार सम्मिलित नहीं थे। इससे अब यह सुनिश्चित हो गया है कि डाक का वितरण एक साथ दो दिन से अधिक की अवधि तक लंबित नहीं रहेगा।

दिल्ली में कारपोरेट डाकघर

वर्ष 1992 में पहले से छंटी हुई डाक को, जो एकमुश्त भेजी जाती है, संसाधित करने के लिए दिल्ली में दो एकमुश्त डाक केंद्र खोले गए थे। इसके उपरांत बंबई में तथा अन्यत्र भी ऐसे केंद्र खोले गए।

पासपोर्ट आवेदन-पत्र

चुनिंदा डाकघरों पर दिनांक 1.11.92 से पासपोर्ट के आवेदन-पत्रों की बिक्री आरंभ की गई थी। सभी प्रधान डाकघर तथा लगभग एक हजार चुनिंदा उपडाकघर अब ये आवेदनपत्र बेचते हैं।

केन्द्रीय भर्ती शुल्क टिकटें

दिनांक 1.1.93 से केंद्रीय भर्ती शुल्क टिकटों की बिक्री सभी विभागीय डाकघरों में बढ़ा दी गई थी।

फिलैटली

दिनांक 1.4.92 से 31.3.93 तक 37 विशिष्ट/स्मारक डाक-टिकटें जारी की गईं। इनमें चार-चार टिकटों के तीन सेट तथा दो टिकटों के दो सेट शामिल थे। गुलाबी तथा हलके सलेटी रंग के अंतर्देशीय पत्र शुरू किए गए। ये हलके नीले-हरे अंतर्देशीय पत्रों के अतिरिक्त हैं, जो पहले ही उपलब्ध हैं। एक नवीन प्रयोग हलके "सी ग्रीन" और हलके नीले पोस्टकार्डों की शुरूआत थी।

दिनांक 31.3.93 की स्थिति के अनुसार देश में 50 फ़िलैटेलिक ब्यूरो और 174 फ़िलैटेलिक काउंटर कार्य कर रहे थे। वर्ष के दौरान राज्य स्तर की निम्नलिखित फ़िलैटेलिक प्रदर्शनियां आयोजित की गईं-

मैसूर, कर्नाटक सर्किल में दिनांक 11.9.92 से 13.9.92 तक कार्नापैक्स-92

जयपुर, राजस्थान सर्किल में दिनांक 20.11.92 से 23.11.92 तक राजपैक्स-92

एर्णाकुलम, केरल सर्किल में दिनांक 16.1.93 से 20.1.93 तक केरापैक्स-93

विभाग ने निम्नलिखित अंतर्राष्ट्रीय फ़िलैटेलिक प्रदर्शनियों में भी भाग लिया-

ग्रेनाडा में दिनांक 24.4.92 से 3.5.92 तक ग्रेनाडा-92

शिकागो में दिनांक 25.5.92 से 31.5.92 तक एक्सपो-92

कुआलालाम्पुर में दिनांक 1.9.92 से 7.9.92 तक कुआलालाम्पुर-92

एजेंसी सेवाएं

डाकघर बचत बैंक

डाकघर बचत बैंक, वित्त मंत्रालय की ओर से निम्नलिखित योजनाएं चलाता है–

बचत खाता
आवर्ती जमा खाता
सावधि जमा खाता
मासिक आय खाता योजना
लोक भविष्य निधि
इंदिरा विकास पत्र
किसान विकास पत्र
राष्ट्रीय बचत पत्र–आठवां निर्गम
राष्ट्रीय बचत खाता योजना–1992

राष्ट्रीय बचत खाता योजना–1992

राष्ट्रीय बचत योजना, 1987 दिनांक 1.10.92 को बंद कर दी गई और उसी तारीख से एक नई राष्ट्रीय बचत योजना, 1992 आरंभ की गई है। खाते (क) एक वयस्क (ख) दो वयस्कों द्वारा संयुक्त रूप से खोले जा सकते हैं। खाते की देयराशि का भुगतान (i) दोनों में से किसी एक को या उत्तरजीवित को तथा (ग) नाबालिग की ओर से संरक्षक को किया जा सकता है। प्रत्येक जमाकर्ता को प्रतिवर्ष एक अलग खाता खुलवाना होगा। खाता कम से कम 100 रुपए से खोला जाएगा तथा सभी जमा राशियां 100 रुपए के गुणांकों में होंगी। एक माह के दौरान कई बार राशि जमा कराई जा सकती है। 11 प्रतिशत वार्षिक ब्याज एक माह के लिए अनुमत होगा, जैसा कि बचत खाते में होता है। जमाकर्ता जमाराशि उस वर्ष की समाप्ति के चार वर्ष के उपरांत निकलवा सकता है, जिस वर्ष खाता खोला गया था। जिस वर्ष खाता खोला गया था उस वर्ष की समाप्ति के उपरांत चार वर्ष पूरे होने पर खाता बंद करने की अनुमति भी है। प्राप्त ब्याज प्रत्येक वर्ष की समाप्ति पर खाते में जमा कर दिया जाएगा और जमाकर्ता उसे प्रतिवर्ष खाते से निकाल सकता है।

डाकघर बचत बैंक को कम्प्यूटरीकरण के एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में पहचाना गया है। बचत खाता योजना के लिए दिल्ली में 7 प्रधान डाकघरों में, बंबई के दो प्रधान डाकघरों में तथा चंडीगढ़ के एक प्रधान डाकघर में कम्प्यूटर लगाए गए हैं। आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान देश के अन्य महत्वपूर्ण प्रधान डाकघरों में भी कम्प्यूटरीकरण का विस्तार करने की योजना है। साथ ही अन्य डाकघर बचत बैंक योजनाओं जैसे आवर्ती जमा योजना तथा मासिक आय योजना में इसके विस्तार द्वारा कम्प्यूटरीकरण के आधार को व्यापक बनाए जाने की भी योजना है। दिल्ली में मौजूदा व्यवस्था का आधुनिकीकरण व उन्नयन किया जाएगा।





कुल पालिसियों की संख्या
(दस लाख में)
2.0
1.8
1.6
1.4
1.2
1.0
0.8
0.6
0.4
0.2
0.0
1.1
1.2
1.2
1.3
1.4
1.5
1.6
1.7
1.8
1.9
1983-84
1984-85
1985-86
1986-87
1987-88
1988-89
1989-90
1990-91
1991-92
1992-93
वर्ष

कुल बीमाकृत राशि
(दस लाख रु. में)
38000
36000
34000
32000
30000
28000
26000
24000
22000
20000
18000
16000
14000
12000
10000
8000
6000
4000
2000
0
8094
9428
10709
12276
14393
17115
21194
25679
30923
36213
1983-84
1984-85
1985-86
1986-87
1987-88
1988-89
1989-90
1990-91
1991-92
1992-93
वर्ष

डाक जीवन बीमा

डाक जीवन बीमा द्वारा निम्नलिखित चार प्रकार की पालिसियां प्रस्तुत की जाती हैं, जो इस प्रकार हैं :-आजीवन बीमा, परिवर्तित आजीवन बीमा, बन्दोबस्ती बीमा तथा प्रत्याशित बंदोबस्ती बीमा। गैर-चिकित्सा योजना अधिकतम 20 हजार रुपए तक की बीमाकृत धनराशि हेतु सुलभ है, जबकि चिकित्सा योजना अधिकतम दो लाख रुपए तक की बीमाकृत राशि हेतु सुलभ है।

वर्ष 1992-93 के दौरान 1.51 लाख नई पालिसियां जारी की गईं, इनकी बीमाकृत राशि 576.77 करोड़ रुपए थी तथा वर्ष के अंत तक कुल कारोबार 3621.33 करोड़ रुपए मूल्य की 19,00,580 पालिसियों का था। डाक जीवन बीमा निधि की शेष राशि 31.3.93 की स्थिति के अनुसार 949.4 करोड़ रुपए से बढ़कर कुल 1134.4 करोड़ रुपए हो गई है।

वर्ष 1992-93 के दौरान 47.26 करोड़ रुपए के 54307 दावे निपटाए गए। वर्ष के दौरान 894.83 लाख मूल्य के ऋण जारी किए गए। प्रीमियम आय की तुलना में व्यय का अनुपात 13.71% था।

वर्ष 1993-94 के लिए 668 करोड़ रुपए का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

वर्ष के दौरान डाक जीवन बीमा को लोकप्रिय बनाने तथा बिक्री के उपरांत की सेवा को सुधारने और इसे और अधिक ग्राहक-सहयोगी बनाने के लिए निम्नलिखित उपाय किए गए :-

दिनांक 1.4.92 से डाक विभाग के अतिरिक्त विभागीय एजेंटों के लिए सामूहिक बीमा योजना आरंभ की गई। कर्मचारियों की कुछ श्रेणियों के लिए न्यूनतम तीन वर्ष की नौकरी की शर्त, जैसे स्थानीय निकायों आदि के लिए थी, हटा दी गई।

अब तक डाक जीवन बीमा के कुल 20 सर्किलों में से 12 सर्किलों के कार्य का कम्प्यूटरीकरण किया जा चुका है, जिनमें ए पी एस भी सम्मिलित है।



ग्राहक की संतुष्टि

वर्ष 1992-93 के दौरान 717215 जन शिकायतें प्राप्त हुईं और इनकी जांच की गई, जबकि वर्ष 1991-92 में 669950 शिकायतें प्राप्त हुईं। कुल परियात की तुलना में शिकायतों का प्रतिशत 0.00531 है जो गत वर्ष 0.00484 था।

विपणन और वाणिज्यिक प्रचार

विश्व डाक संघ ने 1989 में वाशिंगटन में आयोजित अपनी कांग्रेस में, वाशिंगटन सामान्य कार्रवाई योजना अपनाई। इस योजना ने डाक-प्रशासनों द्वारा कुशल

बाजार–नीतियां अपनाने की अनिवार्यता पर बल दिया। अब तक लगभग सभी डाक–प्रशासन अच्छे जन–संबंधों के सर्वोच्च महत्व का अनुभव कर चुके हैं क्योंकि ये एक प्रमुख जनोपयोगी सेवा प्रदान करते हैं। एक आम बात जो सभी जगह देखी गई, वह यह थी कि सर्वव्यापी डाक सेवाओं के महत्व को समझा नहीं जाता तथा जनसहयोग,जो किसी भी संगठन के लिए, उचित लागत पर ग्राहकों को बेहतर सेवा सुलभ कराने के लिए एक पूर्वापेक्षा है, अच्छे जन–संबंधों और पर्याप्त जनशिक्षा के बिना संभव नहीं है।

ग्राहक की नजरों में विभाग की अच्छी छवि बनाने के लिए तथा स्टाफ का मनोबल बढ़ाने के लिए विपणन प्रयत्न का उद्देश्य सही तथा स्पष्ट पते, मानक माप की डाक लेखन सामग्री के प्रयोग, डाक को समय से भेजने तथा पिन कोड के प्रयोग आदि जैसे अनिवार्य क्षेत्रों में ग्राहकों से सहयोग प्राप्त करना भी है। सफल व समुचित विपणन प्रयत्न के फलस्वरूप लागत कम आती है। यह सेवा में महत्वपूर्ण सुधार लाने के अलावा नेटवर्क में निपटाई जाने वाली डाक की मात्रा को कम करता है।

इसी पृष्ठभूमि में डाक महानिदेशालय की विपणन डिवीजन द्वारा एक व्यापक मिली–जुली छवि के निर्माण की योजना तैयार की गई। इस योजना में प्रेस अभियान, ग्राहकों के लिए संदेशों का प्रचार, ताकि विभाग कम लागत पर बेहतर सेवा प्रदान कर सके, विज्ञापनों के माध्यम से शिक्षा, डाक फोरमों की स्थापना, ग्राहकों की बैठकों तथा गोल मेज सम्मेलनों को आयोजित करना और इसी प्रकार के कार्य शामिल हैं। 18 से 24 जनवरी, 1993 के दौरान पिन कोड सप्ताह का आयोजन, पिन कोड के प्रयोग को लोकप्रिय बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम था। पिन कोड का प्रयोग व्यवस्था में डाक–निपटान लागत को घटाने के साथ–साथ स्वचालित डाक संसाधन केन्द्रों के सर्वोत्तम उपयोग की दृष्टि से भी अत्यावश्यक है। डाक सेवा बोर्ड ने विभाग के लिए अधिक राजस्व अर्जन के उद्देश्य से वाणिज्य प्रचार प्रकोष्ठ की गतिविधियों के आधार को व्यापक बनाने के आदेश दिए हैं। डाक लेखन सामग्री पर वाणिज्य विज्ञापन के माध्यम से विभाग ने वर्ष 1991–92 के 1.30 करोड़ रुपए की तुलना में वर्ष 1992–93 में 1.62 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया। घरेलू स्पीड पोस्ट परियात वर्ष 1991–92 में 53 लाख था, जो 1992–93 में बढ़कर 73 लाख हो गया। इसी प्रकार 1991–92 में घरेलू स्पीड पोस्ट के लिए 22 करोड़ रुपए का राजस्व था जो 1992–93 में बढ़कर 32 करोड़ रुपए हो गया। गत वर्ष के दौरान शायद ही स्पीड पोस्ट के किसी उत्पाद का परिवर्तन हुआ है। अतः यह कहा जा सकता है कि परियात में वृद्धि का श्रेय, विपणन–प्रयत्नों तथा कुरिअर्स की तुलना में बेहतर कार्य–निष्पादन को है।

पुनः प्रेषण पत्र

वर्ष 1992–93 के दौरान विभाग के 15 पुनः प्रेषण कार्यालयों द्वारा, जो अवितरित डाक का हिसाब रखते हैं, 29.3 मिलियन पत्रों का निपटान किया गया। उनमें से 57 प्रतिशत पत्रों के पतों में सुधार करके उन्हें पाने वाले तक पहुंचाया गया, 28 प्रतिशत पत्रों को उनका पता सुनिश्चित करने के उपरांत प्रेषक को लौटा दिया गया।

डाक परिसर

वर्ष 1992–93 के दौरान विभाग ने भवन–निर्माण तथा संबंधित कार्यों पर 37.20 करोड़ रुपए व्यय किए। इस राशि में से 25.17 करोड़ रुपए विभिन्न डाकघरों तथा प्रशासनिक भवनों के निर्माण पर, 6.41 करोड़ रुपए स्टाफ–क्वार्टरों के निर्माण पर तथा 5.62 करोड़ रुपए भूमि–अधिग्रहण पर खर्च किए गए। 30.88 लाख रुपए डाक प्रशिक्षण केन्द्रों

में भवन-संबंधी गतिविधियों पर खर्च किए गए।

वर्ष 1992-93 के दौरान विभाग ने 98 डाकघर भवनों तथा अन्य कार्यालय-भवनों का निर्माण-कार्य पूरा कर लिया था, 247 स्टाफ क्वार्टरों का निर्माण हुआ, बनकर तैयार हुए 12 स्टाफ क्वार्टर खरीद लिए गए। वर्ष के दौरान 128 कार्यालय-भवनों तथा 375 स्टाफ-क्वार्टरों का निर्माण कार्य आरंभ किया गया।

विभाग ने अपने 32 ऐतिहासिक भवनों को 'विरासत भवनों' की संज्ञा दी है। सर्किलाध्यक्षों को इन भवनों की मरम्मत हेतु विशेष ध्यान देने के निदेश दिए गए हैं। इंडियन नेशनल ट्रस्ट फार आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज ने मंडी प्रधान डाकघर के साथ-साथ बंबई जीपीओ के लिए भी विभाग को परामर्शदाता नियुक्त किया है, जो 1994 में अपने निर्माण के 200 वर्ष पूरे कर रहे हैं। कलकत्ता जीपीओ के लिए भी, जो अपनी 125वीं जयंती के मध्य में है, विभाग को परामर्शदाता नियुक्त किया गया है। इंटेक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण तथा योजना और वास्तुकला विद्यालय, नई दिल्ली, कलकत्ता जीपीओ, लखनऊ जीपीओ तथा अन्य विरासत भवनों की मरम्मत तथा संरक्षण में सम्मिलित हैं। बेंगलूर जीपीओ, हैदराबाद सर्किल कार्यालय आदि जैसे कुछ महत्वपूर्ण भवनों को ''विशेष'' भवन घोषित कर दिया गया है और इनकी बाहरी मरम्मत, अनुरक्षण और देखभाल के लिए विशेष ध्यान दिया गया है।

डाक वित्त

वर्ष 1992–93 का कुल राजस्व 1073.90 करोड़ रुपये था, जो पिछले वर्ष के 947.87 करोड़ रुपए की तुलना में 126.03 करोड़ रुपए (लगभग 13.3%) अधिक था।

वर्ष के लिए प्राक्कलित राजस्व का 108.5% राजस्व वसूल किया गया। यह वृद्धि दरों में संशोधन करने की अपेक्षा बेहतर प्रबंध के कारण हुई।

वर्ष का कुल कार्यकारी व्यय 1165.71 करोड़ रुपए था जो गत वर्ष के 1162.15 करोड़ रुपए के व्यय की तुलना में लगभग 0.3% अधिक था। 1149.36 करोड़ रुपए का व्यय वर्ष 1992–93 के संशोधित प्राक्कलन में दर्शाया गया था। यह वृद्धि मुख्यतः अनुमानित से अधिक सेवानिवृत्तियों के कारण पेंशन संबंधी प्रभारों के अंतर्गत व्यय में होने वाली वृद्धि के कारण हुई। डाक सेवाओं का राजस्व घाटा वर्ष 1991–92 के 214.28 करोड़ रुपए की तुलना में वर्ष 1992–93 में 91.81 करोड़ रुपए रह गया। यह 159.36 करोड़ के अनुमानित घाटे की तुलना में भी 67.55 करोड़ रुपए कम था।

राजस्व तथा व्यय 1992–93

(वर्ष 1991–92 की तुलना में)

ब्यौरे	1991–92	1992–93	पिछले वर्ष में परिवर्तित प्रतिशत
राजस्व			
डाक–टिकटों की बिक्री	569.91	609.75	6.99
नकद वसूल किया गया डाक शुल्क	201.31	268.63	33.44
मनीआर्डरों और भारतीय पोस्टल आर्डरों आदि से प्राप्त कमीशन	126.11	135.68	7.58
अन्य प्राप्तियां	50.54	59.84	18.40
कुल	947.87	1073.90	13.29
व्यय			
सामान्य प्रशासन	90.79	103.17	13.63
प्रचालन	1042.76	1132.23	8.58
एजेंसी सेवाएं	54.84	62.87	14.64
अन्य	318.36	350.91	10.22
कुल सकल व्यय	1506.75	1649.18	9.45
कम वसूलियां	344.60	483.47	40.29
निवल व्यय	1162.15	1165.71	0.30

महत्वपूर्ण वर्गों का सकल व्यय निम्नानुसार है :-

	1991–92	1992–93	पिछले वर्ष में परिवर्तित प्रतिशत
वेतन एवं भत्ते, आकस्मिक व्यय और अन्य मदें	1106.22	1246.83	72.71
पेंशन संबंधी प्रभार	182.28	203.64	11.72
लेखा एवं लेखा परीक्षा	33.30	37.65	13.06
डाक-टिकट तथा पोस्टकार्ड आदि	38.81	45.77	17.93
लेखन सामग्री एवं मुद्रणादि	25.74	18.50	(-) 28.13
परिसंपत्तियों का रख-रखाव	7.35	9.14	24.35
मूल्यह्रास	6.00	6.90	15.00
छुट-पुट कार्य	1.68	1.79	6.54
डाक की ढुलाई (रेलवे तथा एयर मेल कैरियर का भुगतान)	105.37	78.96	(-) 25.06
कुल	1506.75	1649.18	9.45



पत्र–कार्ड

राजस्व और व्यय

(दस लाख रु. में)



सेवाओं की लागत

वर्ष 1992–93 तथा गत वर्ष में मुख्य सेवाओं की लागत एवं राजस्व, नीचे प्रत्येक सेवा के सामने दर्शाए गए हैं :–

(आंकड़े रुपये में)

सेवा	1991–92 लागत	1991–92 राजस्व	1992–93 लागत	1992–93 राजस्व
पोस्टकार्ड	1.25	0.15	1.54	0.15
मुद्रित कार्ड	1.20	0.60	1.44	0.60
लैटर कार्ड	1.41	0.75	1.57	0.75
पत्र	1.43	1.81	1.78	1.85
पार्सल	18.51	14.31	22.11	17.02
मनीआर्डर	13.16	8.99	14.09	10.97
पंजीकरण	8.76	6.00	10.36	6.00
बीमा	12.66	18.12	13.76	11.01
बुक पोस्ट :				
बुक पैटर्न और सैम्पल पैकेट	1.78	2.42	2.28	1.79
मुद्रित पुस्तकें	2.25	2.26	2.94	1.52
अन्य	2.47	2.11	3.27	1.29

एजेंसी सेवाएं

वर्ष 1992–93 में एजेंसी सेवाओं पर होने वाले कार्यकारी–व्यय की विभाग द्वारा वसूली निम्नानुसार थी :–

(करोड़ रुपयों में)

बचत बैंक एवं बचत पत्र	446.88
डाक जीवन बीमा	27.33
रेलवे पेंशन का भुगतान	1.15
कोयला खनिक/ई पी एफ़ पेंशन	3.57
सीमा शुल्क वसूली	0.91
सेना पेंशन	0.18
अन्य	3.45
कुल	483.47

पूंजीगत व्यय

वर्ष में नियत परिसंपत्ति पर सकल परिव्यय 55.21 करोड़ रुपये था। इसमें से 67.9% व्यय भूमि एवं भवनों पर हुआ और 32.1% उपकरणों और संयंत्रों एवं अन्य पर हुआ। वर्ष के अन्त तक नियत परिसंपत्ति पर पूंजीगत व्यय 513.23 करोड़ रुपये तक बढ़ गया। वर्ष के अंत तक शुद्ध प्रगामी पूंजीगत परिव्यय के लिए सामान्य राजस्व द्वारा 419.52 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी गई।

मानव संसाधन

मानव शक्ति

इस विभाग के कार्मिक ही भारतीय डाक प्रणाली के मुख्य संसाधन रहे हैं। 31.3.93 की स्थिति के अनुसार कर्मचारियों की कुल सं. 5.96 लाख थी। इनमें से 3.06 लाख अतिरिक्त विभागीय कर्मचारी हैं जो ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश सेवाएं प्रदान करते हैं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम

डाक विभाग के प्रशिक्षण संस्थानों में निम्नलिखित प्रशिक्षण संस्थान शामिल हैं :-

पोस्टल स्टाफ कालेज, भारत, गाजियाबाद

डाक-तार प्रशिक्षण केन्द्र-सहारनपुर, वडोदरा, मैसूर, दरभंगा और मदुरै में स्थित डाक प्रशिक्षण केन्द्र।

पोस्टल स्टाफ कालेज, भारत, गाजियाबाद एक शीर्ष प्रशिक्षण संस्थान है,जो डाक विभाग के प्रबंधकीय संवर्गों की प्रशिक्षण-आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। इस कालेज का मुख्य उद्देश्य भारतीय डाक सेवा, डाक-तार लेखा और वित्त सेवा के अधिकारियों को निम्नलिखित के लिए प्रवेश और सेवाकालीन प्रशिक्षण प्रदान करना है :-

- डाक प्रणाली को अधिक प्रभावशाली और लोगों की आवश्यकताओं के प्रति उत्तरदायी बनाने के लिए कर्मचारियों को अपेक्षित जानकारी और दक्षता प्रदान करना और उन्हें व्यवहार कुशल बनाना।
- पांच क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्रों के माध्यम से प्रचालक संवर्गों के व्यावसायिक प्रशिक्षण का संचालन करना।
- डाक प्रणाली के प्रबंध के क्षेत्रों में अनुसंधान का दायित्व लेना।
- एक डाक आंकड़ा बैंक और प्रलेखन केन्द्र का निर्माण करना। इसके अतिरिक्त विश्व डाक संघ और अन्य अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के अनुरोध पर विदेशी प्रशासनों से संबंधित अधिकारियों के लाभ के लिए डाक सेवाओं के विभिन्न पहलुओं पर कार्यशालाएं भी आयोजित की जाती हैं।

31 मार्च, 1993 को समाप्त होने वाली अवधि के दौरान पोस्टल स्टाफ कालेज, भारत द्वारा 5 प्रवेश प्रशिक्षण और 9 सेवाकालीन पाठ्यक्रम आयोजित किए गए। कुल मिलाकर इन पाठ्यक्रमों में 209 अधिकारियों ने भाग लिया।

क्षेत्रीय डाक प्रशिक्षण केन्द्रों के मुख्य उद्देश्य हैं :-

- डाक विभाग के समयमान लिपिकीय संवर्गों में भर्ती किए गए कर्मचारियों को प्रवेश प्रशिक्षण देना।
- डाक और छंटाई सहायकों, पर्यवेक्षकों, निरीक्षकों, सहायक अधीक्षक डाकघर और पोस्टमास्टरों इत्यादि को सेवाकालीन पुनश्चर्या प्रशिक्षण देना।
- मध्य स्तर के प्रबंधकीय पदों पर पदोन्नत किए गए अधिकारियों को प्रशिक्षण देना और उन्हें उच्च उत्तरदायित्वों को विश्वासपूर्वक निभाने के योग्य बनाना तथा उनमें डाक और रेल डाक सेवा डिवीजनों के प्रबंध को स्वतंत्र रूप से निभाने के लिए आवश्यक समुचित प्रबंधकीय जानकारी और दक्षता विकसित करना।

इन केन्द्रों में विदेश प्रशासनों से संबंधित अधिकारियों के लिए डाक-तार सेवा में प्रवेश प्रशिक्षण भी आयोजित किया जाता है। 31 मार्च, 1993 को समाप्त होने वाली अवधि के दौरान पांच क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्रों में कुल 15,236 अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। रॉयल गवर्नमेंट आव भूटान के डाक प्रशासन से संबंधित 15 अधिकारियों को डाक-तार प्रशिक्षण केन्द्र, सहारनपुर में $8\frac{1}{2}$ माह का प्रवेश प्रशिक्षण दिया गया।

पोस्टल स्टाफ कालेज

दिनांक 23-10-92 को स्टाफ क्वार्टर परिसर की नींव रखी गई। कुल मिलाकर 29 क्वार्टर (6 टाइप-I, 8 टाइप-II, 6 टाइप-III, 2 टाइप-IV, 4 टाइप-V, 3 टाइप-VI क्वार्टर) निर्माणाधीन हैं और उनका निर्माण कार्य मई 1994 तक पूरा होने की संभावना है।

पर्यावरण के सुधार के प्रयास स्वरूप वर्ष 1992-93 के दौरान परिसर में 1000 पौधे लगाए गए। परिसर में अब कुल 2000 वृक्ष हो चुके हैं; दूर तक

फैले हुए घास के मैदानों और फूलों की क्यारियों के द्वारा प्राकृतिक दृश्यों की सुरम्यता और अधिक बढ़ गई है। कालेज में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण देने के लिए सभी आवश्यक आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं व सामग्री उपलब्ध हैं। कम्प्यूटरीकरण को स्वीकृति दे दी गई है और इसका कार्य प्रगति पर है। छात्रावास में एक साथ 50 अधिकारियों के रहने के लिए सुसज्जित कमरों की व्यवस्था है। परिसर में बिलियर्ड सहित अन्य खेल और मनोरंजन की सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।

स्टाफ संबंध

विभाग अपने कर्मचारियों और अतिरिक्त विभागीय एजेंटों की 3 फेडरेशनों और 27 यूनियनों/एसोसिएशनों के साथ स्वस्थ और सार्थक संबंध बनाए हुए है।

